हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 7 सितंबर 2025

06 गणेशोत्सव समितियां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंची...



09 जल जीवन मिशन से संबंधित कार्य करने ...





### सुसज्जित वाहन में विराजित कर मंगल मूर्ति को ले गए विसर्जन को

# गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ की गूंज के साथ हुआ प्रतिमाओं का विसर्जन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

रिद्धी सिद्धी के दाता व विध्नहर्ता, मंगल मूर्ति भगवान श्री गणेश की भक्ति व आराधना में दस दिनो तक रमे हुवे भक्तो ने शनिवार को गणेश स्थापना स्थलो से प्रतिमा विसर्जन चल समारोह नगर में निकाले जिसमें गजानंद जी को टेक्टर ट्राली, चार पहिये वाहनो के साथ अन्य सुसज्जित वाहनों में विराजित कर नगर भ्रमण करवाया गया व मॉ बगलामुखी के पीछे लखुन्दर नदी पर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दस दिवसीय गणेश उत्सव पर्व का शनिवार को हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ समापन हुआ। इसी के साथ सार्वजनिक मंचो व घर -घर विराजित गौरी पुत्र गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे लखुन्दर नदी के तट पर ले जाकर भक्तो द्वारा विधि-विधान व पूजा-अर्चना कर किया गया। अनेक स्थानो पर विराजित गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन जुलूस अखाडो के साथ नगर में निकाला गया। जिसमें कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक हैरत अग्रेज करतबों का प्रदर्शन किया गया। नगर के विभिन्न मोहल्लो व स्कूलो से भी बालक बालिकाओ द्वारा प्रथम पूज्य गजानंद की विदाई का चलसमारोह नगर में निकाला गया। जिसमें बालक बालिकाओ द्वारा गजानंद को टेक्टर ट्राली में बिठाकर नगर भ्रमण कराया गया व गजानंद के सामने बालक बालिकाओ द्वारा भाव विभोर होकर नृत्य किया गया व गजानंद को विदाई दी गई व अगले बरस जल्दी आने के लिए निमंत्रण दिया गया। इसी के साथ नगर के अन्य स्थानों से जहां गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई थी। वहां से गणपतिजी के चल समारोह नगर भ्रमण करते हुए मॉ बगलामुखी मंदिर के पीछे लखुन्दर के तट पर पहुंचे जहां पर विधिवत पूजा अर्चना कर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



### प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्था

विसर्जन स्थल पर नगर परिषद, पुलिस प्रशासन तथा राजस्व अमले द्वारा बेरिकेट्स लगाकर माकूल व्यवस्था की गई थी। जहां लखुंदर नदी तट पर नगर सहित क्षेत्र वासियों द्वारा गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष के साथ बप्पा को विदाई दी गई। प्रशासन द्वारा तय किये गए विसर्जन स्थल माँ बगलामुखी मंदिर के पीछे लखुंदर नदी के तट भक्त शनिवार को शुभ मुहूर्त में गणेश प्रतिमाएं विसर्जन हेतु पहुंचने लगे थे। जहाँ विसर्जन के पूर्व भक्त भगवान गणेश की पूजा व आरती कर विसर्जन के लिए प्रशासन द्वारा नियुक्त तैराकों को प्रतिमा सौप रहे थे जो पूर्ण श्रद्धा के साथ उन्हें लखुंदर नदी में विसर्जित कर रहे थे।

### हैरत अग्रेज करतबो का दिखाया प्रदर्शन

अनंत चतुर्दशी पर स्थानीय मूर्ति श्रीराम मंदिर धर्मशाला अखाड़ा समिति व बजरंग दल अखाड़ा समिति प्रतापपुरा द्वारा सांय 4 बजे नगर में जारी वर्षा के बीच अखाड़ों का जुलूस प्रारंभ किया गया जो शिवाजी चौराहे तक पहुंचा। जहां से अखाड़ों का कारवां नगर में निकाला गया। अखाड़ो में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक करतबों का प्रदर्शन नागरिकों के सामने किया। प्रमुख मार्ग से अखाड़ा जुलूस चौक बाजार पहुंचा। चौक बाजार स्थित लोक मान्य तिलक सार्वजनिक गणेश उत्सव मंच तथा बड़ागणपति उत्सव समिति द्वारा स्थापित प्रतिमाओं को ट्रेक्टर ट्राली में रखकर नगर मे चल समारोह अखाड़ो के साथ निकाला गया। अखाड़ो तथा झांकियों को निहारने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी बाजारों में जमा थी। चल समारोह के दौरान कई स्थानों पर विभिन्न संगठनों ने अखाड़ो के कलाकारों का सम्मान किया। तत्पश्चात प्रतिमाओं को विसर्जन स्थल पर लाया गया। जिनका श्रद्धा से विसर्जन किया गया।





## गणेश विसर्जन को लेकर बच्चों व बड़ों में दिखाई दिया उत्साह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

नगर में गणेश विसर्जन को लेकर इस बार बड़ों के साथ बच्चों में भी उत्साह दिखाई दिया। शनिवार को दस दिवसीय गणेशोत्सव का समापन गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हुआ। इस दौरान बच्चों में भी विशेष उत्साह दिखाई दिया। फिर चाहे घरों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का हो या फिर सार्वजनिक पांडालों में स्थापित प्रतिमाओं के विसर्जन का हो। जहाँ घरों में स्थापित प्रतिमाओं को बच्चें सिर पर धारण कर विसर्जन स्थल पर जाते दिखाई दे रहे थे, वहीं सार्वजनिक पांडालों की प्रतिमा विसर्जन के लिए ट्रेक्टर ट्रॉली अथवा किसी अन्य वाहन को सजाने से लेकर चल समारोह के आगे आगे नाचते चलने तक बच्चों में विशेष उत्साह दिखाई दे रहा था। बच्चे अपने प्रिय भगवान को गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष से वातावरण गुंजायमान कर रहे थे।

**तहसील कार्यालय के सामने की घटना**

## मैजिक ऑटो की चपेट में आने से 3 बच्चियां घायल



**बुधनी।** शुक्रवार शाम भोपाल की ओर से आ रहे मैजिक ऑटो चालक ने तहसील कार्यालय के सामने तीन बच्चियों को अपनी चपेट में ले लिया इनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार ऑटो क्रमांक एमपी 04 एलडी 3713 के चालक ने वाहन को तेज गति से चलते हुए तीन बच्चियों को टक्कर मार दी और काफी दूर तक उन्हें घसीट ले गया उसके बाद सड़क किनारे खड़ी हुई कार में टक्कर मार दी इस दौरान मौके पर काफी भीड़ जमा हो गई और ड्राइवर को पकड़ लिया एवं पुलिस को सूचना दी गई घटना में नंदिनी राजपूत पुत्री संतोष राजपूत उम्र 15 वर्ष,समीक्षा चौहान पुत्री हीरालाल 18 वर्ष,नीलम यादव पुत्री विजय यादव उम्र 16 वर्ष को चोटें आई हैं इनमें से दो बच्चियों की हालत गंभीर होने पर सिविल अस्पताल से नर्मदापुरम रेफर किया गया परंतु एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें निजी वाहन से नर्मदा पुरम पहुंचाया गया है। स्थानीय नागरिक रूप सिंह ने बताया कि सिविल अस्पताल का भवन तो बड़ा बना दिया गया है लेकिन व्यवस्थाएं चौपट हैं। इसी तरह घायल नंदिनी राजपूत के पिता ने बताया कि एंबुलेंस के इंतजार में घंटे भर से अस्पताल के गेट पर खड़े हैं लेकिन यहां कोई व्यवस्था नहीं है।

## जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहा-नि:स्वार्थ मित्रता कृष्ण-सुदामा जैसी

**सीहोर।** ग्राम छतरपुर में जारी सात दिवसीय भागवत कथा के अंतिम दिवस भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर जगदगुरु पंडित अजय पुरोहित ने कहाकि मित्रता हो तो श्रीकृष्ण सुदामा जैसी। यह कलयुग में मित्रता का अनूठा उदाहरण है। जिसमें सच्चा मित्र वहीं है, जो अपने मित्र का मुसीबत में साथ दे। कथा श्रवण कर श्रोता भाव विभोर हो गए। कथा के समापन के पूर्व भगवान की आरती की गई। कथा में श्रद्धालु जम कर नाचे। महाआरती के बाद समापन हुआ।

शुक्रवार को कथा के अंतिम दिवस जगद गुरु पंडित श्री पुरोहित ने भगवान श्री कृष्ण के जीवन से शिक्षा लेने की बात कही। उन्होंने कहा भगवान श्री कृष्ण का जीवन ही संघर्ष पूर्ण रहा उन्होंने जन्म से लेकर जीवन पर्यंत कठिन समस्याओं का सामना किया। सबके साथ रहते हुए भी निर्लिप्त रहे और योगेश्वर कहलाए। कथा में भगवान के विभिन्न लीलाओं से सीख लेने और जीवन में उतरने की सलाह दी।

कथा के अंतिम दिवस उन्होंने भगवान कृष्ण और उद्धव के सुंदर प्रसंग का वर्णन किया। एक समय भगवान श्री कृष्ण उदास बैठे थे, तभी उनके मित्र व परम भक्त उद्धव जी उनके पास आए और उनसे पूछा कि हे वासुदेव ऐसी कौन सी बात है, जिससे आप उदास हैं। तब श्री कृष्ण ने कहा कि हमें गोपियों की याद सता रही है। आप गोकुल जाओ और गोपियों को समझाओ कि कृष्ण जल्द गोकुल लौटेंगे। जब उद्धव ने गोपियों से श्रीकृष्ण प्रेम मोह छोड़ने की बात कही तो गोपियों ने कहा कि जिसे प्रेम का ज्ञान नहीं, वह ज्ञानी नहीं हो सकता। गोपियों का श्रीकृष्ण के प्रति प्रेम देख उद्धव का अभिमान चूर चूर हो गया।

**दिगंबर जैन समाज के पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन कलश यात्रा निकाली**

## वासुपूज्य भगवान के निर्वाण महोत्सव पर निर्वाण लाडू चढ़ाया







हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

दिगंबर जैन समाज के चल रहे पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन शनिवार को श्री सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर नलखेड़ा से नगर में कलश यात्रा का चल समारोह निकाला गया। मंदिर में श्रीजी के समक्ष पूजा- अर्चना कर अभिषेक तथा शांति धारा लाभार्थी परिवारों द्वारा की गई। मंदिर में भगवान वासुपूज्य स्वामी के निर्वाण महोत्सव पर लाभार्थी परिवार द्वारा निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। समाजजनों द्वारा उपवास की तपस्या की गई।

पर्युषण महापर्व के अंतिम दिवस शनिवार को मुनि विवर्धन सागर महाराज एवं मुनि विश्व नायक सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सुपार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिरजी एवं आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिरजी में अभिषेक, शांति धारा एवं वासुपूज्य भगवान का निर्माण महोत्सव मनाया गया। मूलनायक भगवान का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य मुकेश, मनीष पांडिया काका एवं आदिश पाटनी परिवार को प्राप्त हुआ।

शांति धारा में प्रथम कलश करने का सौभाग्य मांगीलाल आशीष कुमार जैन वकील साहब परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम शांति धारा करने का सौभाग्य रुपेश, दक्ष पांडिया एवं दिनेश, नरेंद्र पांडिया परिवार को प्राप्त हुआ। दूसरी शांति धारा करने का सौभाग्य सुनील, केयूर पांडिया एवं ओमप्रकाश, संदीप सेवन स्टार परिवार को प्राप्त हुआ। निर्वाण लड्डू चढ़ाने का सौभाग्य श्रीमती सुमन सोगानी परिवार को प्राप्त हुआ। दोपहर 3:30 बजे चौक बाजार स्थित सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से नगर में कलश यात्रा का चल समारोह बैंड बाजे एवं ढोल - ढमाकों के साथ निकाला गया।

चल समारोह प्रमुख मार्ग से आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नीमा कॉलोनी पर पहुंचा। जहाँ श्री जी का अभिषेक हुआ। यहां से चल समारोह पुनः चौक बाजार स्थित मंदिर पहुंचा वहां पर सर्वप्रथम मुनिश्री का पाद पक्षालन हुआ पाद पक्षालन करने का सौभाग्य कैलाशचंद्र राजेश कुमार जैन जैन इलेक्ट्रिक परिवार ने लिया। इसके पश्चात शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य राजेश जैन आयुष जैन सावला परिवार ने लिया। मुनिश्री के प्रवचन हुए जिसके पश्चात श्रीजी का अभिषेक हुआ शाम को बड़ा प्रतिक्रमण हुआ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। आरती के पश्चात आचार्य विराग सागरजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रसारण किया गया। समाज में चल रही समस्त तपस्वियों की तपस्या का शनिवार को अंतिम दिवस है। क्षमा वाणी पर्व पर समस्त तपस्वियों का बहुमान विराग विवर्धन चातुर्मास समिति के द्वारा किया जाएगा एवं सकल दिगंबर जैन समाज का स्वामी वात्सल्य भी समिति द्वारा किया जाएगा समस्त जानकारी समिति के शैलेंद्र पाटनी द्वारा दी गई।

**खबर संक्षेप**

## वाटर कूलर में निकले कीड़े, होगी कार्रवाई



**देवास।** उज्जैन रोड पर स्थित प्रसिद्ध मिठाई दुकान मधुर स्वीट्स में पानी के फ्रिज से कीड़े और कचरा मिलने का मामला सामने आने के बाद हडक़ंप मच गया। प्रतिदिन हजारों लोग इस दुकान पर नाश्ते के लिए पहुंचते हैं और वहीं का पानी पीते हैं, लेकिन जांच में सामने आया कि ग्राहकों को परोसा जा रहा पानी अशुद्ध और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक था। शिकायत मिलने के बाद नगर पालिका की स्वास्थ्य टीम ने मौके पर जांच की, जिसमें अशुद्ध पानी की पुष्टि हुई है। अब नगर पालिका द्वारा दुकान संचालक को नोटिस जारी किया जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब एक ग्राहक ने पानी की नल से कचरा आते देखा, तो संदेह के चलते फ्रिज के अंदर झांका गया। वहां पानी में कीड़े तैरते हुए मिले। मामला सामने आते ही दुकानदार ने सफाई देते हुए कहा कि पानी की टंकी फिलहाल बंद है, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने टंकी से ही पानी भरते और पीते हुए कई लोगों को देखा। घटना की जानकारी मिलते ही कुछ स्थानीय नागरिकों ने इसे नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचाया। मौके पर मीडिया टीम के पहुंचने के बाद दुकानदार ने आनन-फानन में फ्रिज का पानी खाली करवा दिया। हालांकि तब तक कई लोग वही पानी पी चुके थे। स्वास्थ्य निरीक्षक हरेन्द्र ठाकुर ने बताया कि सूचना मिलने पर मामले की जांच की गई है और मधुर स्वीट्स पर अशुद्ध पानी परोसे जाने की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि इस पर एंटीलार्वा अधिनियम, मलेरिया अधिनियम 1919 एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। संबंधित दुकान संचालक को नोटिस जारी किया जाएगा। इस घटना के बाद शहरवासियों में नाराजगी देखने को मिली। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं कि जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग ऐसे प्रतिष्ठानों की नियमित जांच क्यों नहीं करता।

### अनंत चतुर्दशी पर हवन, पूजन आरती के साथ हुआ बुद्धि के देवता गणेश का विसर्जन

# गणेशोत्सव समितियां ढोल-नगाड़ों के साथ पहुंची विसर्जन स्थल, महिलाएं बच्चों ने परिवार सहित दी बप्पा को विदाई





प्रशासन ने कालूखेड़ी तालाब पर किए पुख्ता इंतजाम, बड़ी मूर्तियों को विसर्जित करने दो क्रेनों की व्यवस्था की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक दस दिवसीय गणेश उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। अनंत चतुर्दशी के दिन शनिवार को बप्पा को भक्तों ने विदाई दी और गणेश विसर्जन की परंपरा निभाई। भगवान गणेश को बाधा नाशक और शुभारंभ के देवता माना जाता है, इसलिए उनकी विदाई के समय विशेष भाव और भक्ति के साथ उन्हें जल में विसर्जित किया गया। भक्तों ने गणेश प्रतिमा को ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार के साथ विसर्जन स्थल पर विसर्जित किया। अनंत चतुर्दशी पर हवन, पूजन आरती के साथ बुद्धि के देवता गणेश का विसर्जन किया। गणेशोत्सव समितियां ढोल, ताशे के साथ विसर्जन स्थल पहुंची। विसर्जन स्थल कालूखेड़ी तालाब पर महिलाएं, बच्चों ने परिवार सहित बप्पा को विदाई दी। भक्तों ने उत्साह के साथ कालुखेड़ी तालाब पर छोटी और बड़ी प्रतिमाओं का विसर्जन किया। कई परिवार कालूखेड़ी तालाब पहुंचे और आरती के बाद भगवान की प्रतिमाओं को विदाई दी।

### विसर्जन हेतु निगम ने बनाए कुंड

नगर निगम ने छोटी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए जगह-जगह कुंड बनाए हैं। मीठा तालाब से कालूखेड़ी तालाब तक प्रतिमाएं ले जाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की गई है। बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए क्रेन की व्यवस्था भी की गई है। सुरक्षा के लिए मीठा तालाब, कालुखेड़ी और शिप्रा नदी किनारे पुलिस दल और निगम कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

### देर रात तक जारी रहा चल समारोह

शनिवार रात 9 बजे सयाजीद्वार से भव्य चल समारोह की शुरुआत हुई। इसमें नगर निगम और बैंक नोट प्रेस सहित दर्जन भर से अधिक झांकियां शामिल हुई। झांकियां शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। स्वागत मंच लगाकर जगह विसर्जन जूलूस और झांकियों का स्वागत किया। देर रात जारी रहे विसजर्न जुलूस में हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान गणेश की झांकियों के दर्शन किए।

### प्रशासन ने किए पुख्ता इंतजाम

प्रशासन ने कालूखेड़ी तालाब विसर्जन हेतु पुख्ता इंतजाम किए। बड़ी मूर्तियों को विसर्जित करने दो क्रेनों की व्यवस्था की गई। नगर निगम, राजस्व और पुलिस विभाग की टीमों की शनिवार सुबह से शुरू हुए विसर्जन में ड्यूटी लगाई गई। विसर्जन स्थल पर एसडीएम आनंद मालवीया, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, बीएनपी थाना प्रभारी अमित सोलंकी तहसीलदार सपना शर्मा मौजूद रहे। भगवान गणेश के विसर्जन को देखने के लिए बडी संख्या में लोग विसर्जन घाटों पर पहुंचे।





## दो दिवसीय विभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन विजेताओं को विधायक सोनकर ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा




नगर के विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर में विद्या भारती की योजना अनुसार इंदौर विभाग की दलीय विभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 5 एवं 6 सितंबर 2025 को किया गया।

इस प्रतियोगिता के उद्घाटन मे मुख्य अतिथि के रूप में टीना अनिल चावड़ा भंवरनाथ मंडल अध्यक्ष एवं विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्या वर्षा दीदी स.वि.मं.जवाहर चौक देवास जाधुसिंह चौधरी प्राचार्य स.वि.मं.देपालपुर चिन्तेश नागर प्राचार्य स.वि.म. पीपलरावा एवं अध्यक्षता जमनालाल माली अध्यक्ष गणेश शिक्षण समिति उपस्थि थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कबड्डी के मैदान का पूजन किया गया तथा समस्त खिलाड़ियों से परिचय किया गया। प्रथम मैच की शुरुआत अतिथियों द्वारा टॉस कर के की गई। आयोजन के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक राजेश सोनकर, विशेष अतिथि के रूप में अनिल चावड़ा मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि, संजय जोशी अध्यक्ष नगर परिषद, जयसिंह ठाकुर उपाध्यक्ष नगर परिषद, प्रवीण पाराशर विभाग समन्वयक इंदौर विभाग उपस्थित थे। समापन समारोह में कबड्डी निर्णायक मंडल एवं समस्त विजेता, उपविजेता टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर समस्त विजेता टीमों को विधायक सोनकर द्वारा टी-शर्ट प्रदान की गई। पुरस्कार वितरण के पश्चात विधायक डॉ. सोनकर ने कहा कि खिलाड़ी की तपस्या कभी व्यर्थ नहीं जाती। खिलाड़ी का जीवन एक नियमित दिनचर्या का श्रेष्ठ उदाहरण होता है, जो उसे खिलाड़ी को जीवन में श्रेष्ठ प्रदान करता है। इस अवसर पर गणेश शिक्षण समिति के समस्त सदस्यगण, पत्रकार, अभिभावक, विद्यालय के आचार्य दीदी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। आयोजन में अतिथियों का स्वागत मनोज जोशी उपाध्यक्ष, मुकेश माली, यशवंत सिंह राजपूत ने किया।अतिथि परिचय अनंतनारायण निगम प्रधानाचार्य स.वि.म. भौंरासा, संचालन प्रदीप कुमार कारपेंटर एवं आभार जमनालाल माली ने किया।

## विधायक पर कांग्रेस ने की एफआईआर दर्ज करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



विगत दिनों बागली विधायक मुरली भंवरा ने अपने जन्मदिन के मौके पर तलवार लहराई थी। इसी प्रकार दो सितंबर को कांग्रेस नेता द्वारा तलवार से केक काटने पर सिविल लाइन पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किया गया है। कांग्रेस का कहना है कि जब यह घटना सत्ताधारी दल के विधायक मुरली भंवरा द्वारा की जाती है तो पुलिस द्वारा उन पर किसी भी प्रकार का मुकदमा दर्ज नहीं गया। इस मामले को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी ने एक ज्ञापन पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत के नाम एडिशनल एसपी जयवीर सिंह भदौरिया का सौंपा। ज्ञापन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी ने पुलिस अधीक्षक गहलोत से मांग कि, की कानून सबके लिए बराबर होता है फिर चाहे वह आम नागरिक हो या विधायक। इसी प्रकार सतवास में भाजपा सरकार का पुतला जलाने पर वहां के कांग्रेस साथियों पर मुकदमा दर्ज किया गया जबकि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाने पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। चौधरी ने मांग कि, की जल्द से जल्द विधायक भंवरा पर मुकदमा दर्ज कर न्याय करे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता विक्रम मुकाती, सुधीर शर्मा, जितेंद्र सिंह मंटू, एजाज शेख, अनिल गोस्वामी, इम्तियाज शेख भल्लू, दिलीप परमार, राजा पडियार, हारीश गजधर, रईस कामदार, हाफिज घोसी, हर्ष प्रताप सिंह गौड़, मुकुल सिंह बैंस, आरिफ मेव सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### ईद मिलादुन्नबी पर निकला ऐतिहासिक जुलूस

**देवास।** इस्लाम के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के पैदाइश का पर्व ईद मिलादुन्नबी पर शहर में इतिहासिक रुप से जुलूस निकला।सीरत कमेटी के तत्वाधान में निकलने जुलूस में शहर काजी देवास सीनियर मौलाना इरफान अहमद अशरफी साहब बुरहानपुर से हजरत कुमेल अहमद अशरफी साहब काजी नोमान अहमद अशरफी साहब मुफ्ती जरीफ अहमद अशरफी ,कमेटी के सरपरस्त सुल्तान अहमद अशरफी सीरत कमेटी सदर शकील पठान पत्रकार के मार्गदर्शन में जुलूस निकला।

## संयुक्त कृषक संगठन की बैठक हुई आयोजित

**कम मुआवजे से नाराज हैं किसान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

संयुक्त कृषक संगठन जिला इकाई की बैठक शुक्रवार को चापडा में हाटपीपल्या मार्ग पर स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित की गई।बैठक में इंदौर बुधनी रेलवे लाइन व इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में किसानों की जो भूमि अधिग्रहित की गई थी, उस भूमि का द्वारा सरकार ने नाम मात्र का मुआवजा राशि दी है।

इसी विषय को लेकर कमलापुर, पोलाय, बेड़ामऊ, मातमोर, अमरपुरा, चापड़ा, इकलेरा, भमोरी, तिस्सी, करनावद आदि गांव से किसान एकत्रित हुए। इस अवसर पर किसान नारायण यादव ने बताया कि सरकार ने किसानों के साथ छलावा किया है,आज बाजार में भूमि के रेट लोखो में है, लेकिन मुआवजा नाम मात्र का दिया गया है। शांतिलाल पाटीदार ने उक्त कार्यक्रम को लेकर किसानों को जानकारी दी। इस दौरान निर्णय लिया गया कि 16 सितंबर को बागली अनाज मंडी में एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर मुख्यमंत्री व मध्यप्रदेश शासन के नाम अनुविभागीय अधिकारी बागली को मांग पत्र सौंप कर किसानों से जो भूमि अधिग्रहित की गई है उसका चार गुना मुआवजा बाजार मूल्य से दिए जाने की मांग की जाएगी। इस दौरान संगठन जिला अध्यक्ष त्रिलोक पटेल, मुकेश पाटीदार,उपाध्यक्ष चंपालाल पाटीदार, जिला मंत्री शांतिलाल पाटीदार, रमेश पाटीदार,सागरमल पटेल, राधेश्याम सेठ, रामेश्वर यादव,भरत पाटीदार, ओम यादव, कैलाश पाटीदार उपस्थित रहे।

### अंतिम दिवस सीएम के भाई और पश्चिम क्षेत्र विद्युत जीएम सहित अन्य अतिथियों ने की आरती

# संस्था कृपालु के दस दिवसीय भंडारे और गणेशोत्सव का समापन





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

चामुंडा कॉम्प्लेक्स परिसर में स्थापित संस्था कृपालु परिवार के गणेशोत्सव का दसवां दिन आस्था, भक्ति और दिव्यता से परिपूर्ण रहा। समापन अवसर पर आयोजित महाआरती और भव्य भोजन प्रसादी वितरण में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए और कृपालु के बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से मुख्यमंत्री मोहन यादव के भाई नंदलाल यादव (नंदू भैया), पश्चिम विद्युत वितरण महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान,अधीक्षण यंत्री केतन रायपुरिया, उज्जैन के वरिष्ठ पत्रकार गणपत सिंह चौहान, सिविल लाइन थाना प्रभारी हितेश पाटील, ट्रैफिक थाना प्रभारी पवन बागड़ी, डॉ. आनंद मानधन्या, सीए राजेश सिंगी, भाजयुमो पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष पनवार, कांग्रेस नेता ज्ञानसिंह दरबार सहित कई गणमान्य अतिथियों ने कृपालु के बप्पा की आरती की और प्रसादी वितरण में भाग लिया।

मुख्यमंत्री के भाई नंदलाल यादव ने संस्था को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन देवास की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करते हैं। उन्होंने प्रतिवर्ष इस परंपरा को और भव्य रूप से आगे बढ़ाने की बात कही। वहीं महाप्रबंधक चौहान ने कहा कि माँ चामुंडा और तुलजा भवानी की नगरी देवास सचमुच देव नगरी है।

संस्था कृपालु परिवार द्वारा इतना बड़ा और भव्य आयोजन किया जाना कृपालु के बप्पा की कृपा का ही परिणाम है। उन्होंने इसे समाज में भक्ति और एकता का अद्भुत संदेश बताया। कार्यक्रम के संयोजक सुमेरसिंह दरबार ने सभी अतिथियों का सम्मान दुपट्टा ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंटकर किया। विशेष अवसर पर सीएम के भाई नंदलाल यादव, विद्युत वितरण महाप्रबंधक प्रकाश सिंह चौहान भोजनशाला पहुंचे और भक्तों के साथ खीर प्रसादी बनाकर परोसी। गौरतलब है कि संस्था कृपालु परिवार द्वारा अपने पहले ही वर्ष में यह 10 दिवसीय गणेश महोत्सव भव्य रूप से आयोजित किया गया। प्रतिदिन हजारों भक्त पंडाल में दर्शन कर भोजन प्रसादी ग्रहण करते रहे। समापन अवसर पर संस्था ने देवास शहरवासियों का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह आयोजन यादगार और सफल बन सका।

## खबर संक्षेप



### आकिंचन यानी जीवन में शांति का सिंचन

**मड़ावरा।** संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर महामुनिराज एवं परम पूज्य आचार्य समय सागर जी महाराज के आशीर्वाद से ब्रह्मचारिणी बहन कल्पना दीदी का सानिध्य मड़ावरा जैन समाज को प्राप्त हुआ है। मंगल प्रवचन में दीदी जी ने आकिंचन धर्म की व्याख्या में बताया कि दुनिया के सभी संबंधों के बाद भी में अकेला हूं यह भाव रखना ही आकिंचन धर्म है, आकिंचन यानी जीवन में शांति का सिंचन करना है, क्योंकि परिग्रह दुःख का कारण है और निग्रंथ दिगंबर मुनि की मुद्रा को धारण किए बिना मोक्ष और सुख को प्राप्त नहीं कर सकते। रात में दीदी के निर्देशन में बच्चों की फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता कराई गई, जिसमें अरुल चौधरी को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, दीदी जी के सानिध्य में प्रतिदिन नए नए सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला चल रही है, दीदी जी के कोकिल कंठ से मड़ावरा में धर्ममय वातावरण बना हुआ है।

### गणेश विसर्जन के दौरान नाबालिग की डूबने से मौत

**ललितपुर** । गणेश चतुर्थी गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर जहां नगर में जोश है वही गणेश मूर्ति विसर्जन करते समय नाबालिक की डूबने से मौत हो गई शहजाद नदी बनखंडी पर कुछ जगह से मूर्ति विसर्जन के लिए ले जाई जा रहे हैं जिसमें मूर्ति विसर्जन के दौरान 17 वर्षीय नाबालिग मनीष पुत्र अशोक पानी की गहराई में चला गया पुलिस ने प्रशासन बड़ी मशक्कत के बाद मनीष के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया घटना न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन नगर पालिका परिषद ने अपनी टीम में लगा रखी थी इसके बावजूद भी मूर्ति विसर्जन में दुर्घटना में एक परिवार को आंसुओं में डूबा दिया ।

### अभद्रता और मारपीट के मामले में तीन पर मुकदमा

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित नदीपुरा मोहल्ले में वीती अर्द्ध रात्रि में करीब 12.30 बजे मारपीट व अभद्रता और जाति सूचक गाली गलौज करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित मोहल्ला नदीपुरा निवासी नीलू उर्फ विशाल अहिरवार पुत्र सुरेश अहिरवार की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत आईपीसी की नई धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। पीड़ित ने बताया कि घटना रात 12.30 बजे उनके घर के बाहर खेलते समय हुई। आरोपी मोहल्ले के आशिव व दानिश पुत्रगण अजमेरी, निजाम पुत्र रसूल वहां आए और जातिसूचक अपशब्दों के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पीड़ित की बहन ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे तथा उसके नाना विजय पुत्र पप्पू को भी धमकाया और मारपीट की। घटना के दौरान जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय समाज में रोष व्याप्त है। पीड़ित परिवार ने निष्पक्ष न्याय की मांग की है। पुलिस की पहल से पीड़ित को सुरक्षा का आश्वासन दिया गया यह प्राथमिकी सामाजिक न्याय, पुलिस व्यवस्था व कानून की पारदर्शिता को उजागर करती है। मामले की त्वरित जांच व कानूनी कार्रवाई की प्रतीक्षा की जा रही है।

### नाबालिग चचेरी बहन को भगा ले गया युवक

**ललितपुर।** थाना जाखलौन अंतर्गत एक गांव में रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 4 सितम्बर को शाम करीब 7.30 बजे उसकी चौदह वर्षीय चचेरी बहन को गांव में रहने वाला समीर सहरिया पुत्र शिवलाल बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने बताया कि उसकी चचेरी बहन को भगाने में समीर के माता राजकुमारी, पिता शिवलाल व भाई संजय भी शामिल है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर विवेचना शुरू कर दी।

### तहसील पाली में सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनी जनशिकायतें

# कई शिकायतों का निस्तारण, शेष के लिए निर्धारित की समय सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

जनता की विभिन्न प्रकार की समस्याओं का एक ही स्थान पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने के लिए आज शनिवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया, तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अमनदीप डुली व पुलिस अधीक्षक मो मुश्ताक ने तहसील में आये फरियादियों की शिकायतें सुनी और उनका निस्तारण भी कराया। उन्होंने कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया और शेष बची शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को पृष्ठांकित करते हुए निस्तारण की समयसीमा निधार्रित की। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में होना चाहिए, इसके लिए अधिकारी स्वयं संज्ञान लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराते हुए अवगत करायें। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता को अपने समक्ष बुलाकर पूरी गंभीरता से उनकी समस्या सुनी और उन्हें भरोसा दिलाया कि जल्द ही उनकी समस्या का निस्तारण करा दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी स्वयं जनशिकायत प्रणाली की समीक्षा करते हैं, इसलिए कार्य में लापरवाही बरतने की कोई गुंजाइश नहीं है, अधिकारी पूरी निष्ठा से जनशिकायतों का निस्तारण करायें।

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में ये शिकायतें प्राप्त हुईं**




तहसील तालबेहट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 83 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 14, विकास के 03, पुलिस के 19, नगर पंचायत के 02, पूर्ति के 36, विद्युत के 05 तथा अन्य विभागों के 04 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 07 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील महरौनी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 27 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, पुलिस के 06, विकास का 01, पूर्ति के 06, चकबंदी के 02, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 प्रकरणों का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील पाली में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 07, पुलिस के 03, चकबंदी के 02, विद्युत के 03, समाज कल्याण के 07 तथा अन्य विभागों के 03 प्रार्थना पत्र शामिल है, जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण कराया गया।

तहसील मड़ावरा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व के 08, विकास के 02, पूर्ति के 10 तथा अन्य विभागों के 02 प्रार्थना पत्र शामिल हैं।

तहसील ललितपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 06 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 04, विद्युत का 01 तथा अन्य विभाग का 01 प्रार्थना पत्र शामिल हैं, जिनमें से 01 का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी निशान्त तिवारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### गणेशोत्सव विशेष

## जन गण मंगलदायक गुणों के पुंज हैं गणेश जी

▶ साहित्य और कला जगत में आराधना का स्वरूप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

गणेशोत्सव के समापन पर आयोजित एक परिचर्चा को संबोधित करते हुए नेहरू महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा ने कहा कि हमारी संस्कृति में कार्य के शुभारंभ में श्री गणेश इसलिए कहा जाता है कि कर्ता पूर्ण निष्ठा और सकारात्मकता से कार्य निष्पादित करें। हमारे साहित्य और मूर्ति कला में गणेशजी और उनके प्रतीकत्व का बड़ा सटीक चित्रण किया गया है। ललितपुर जनपद के गांव बानपुर से 2 किलोमीटर दूर गणेशपुरा की नृत्य करती गणेश प्रतिमा ललितपुर के लालित्य का बेजोड़ उदाहरण है। इस षोडश भुजी मूर्ति में गणेशजी के चंद्रमा की तरह 16 गुण अपने संपूर्ण कलात्मक वैभव से आलोकित हैं। घंटाघर पुरानी कोतवाली स्थित मूर्ति भी हमारी उत्कृष्ट कला की परिचायक है। बुंदेलखंड के निरूपाय किसान अपनी नोंन-तेल-लकड़ी की मुँह वा रही समस्याओं से, जब जूझते हैं, तो टेर लगाते हैं सदा भवानी दाहिनी, सन्मुख रहें गणेश तो हमारी चढ़ती वेल कौन बैरी उतार सकता है? अपनी अटपटी बुंदेली बोली में वह करता है-ओ! मोरे दल के सिंगार (देवसेना के श्रृंगार गणेश) उलायतें अइयो (जल्दी), जा मोरी वीदन निवारियो (निवारण)। बुंदेली गीतों में कहा गया है गणेश जी- सूपा जैसे कानों को पुनः पुनःफटक कर बार-बार शिक्षा देते हैं कि सूपा की तरह तुच्छ बातों को कानों से दूर रख कर, सार-सार ग्रहण करो । देवासुर संग्राम में जीत दिलाने वाले दलपति गणेश रिद्धि- सिद्धि दायक, अपने उपासक की हारती कैसे देख सकते हैं? ऐसे जन के देवता को शत शत नमन। बुंदेलखंड में अधिकतर ग्रामीण अपने बच्चों के नाम दलपत या दलपति, गणेश रखते हैं, क्योंकि उनकी उत्कट लालसा रहती है कि उनकी संतान शंकर सुमन पार्वती नंदन की तरह गुणवान बने।

### भक्ति भाव से गणपति महोत्सव पूर्ण हुआ

## अगले बरस जल्दी आने की कामना के साथ गजानन को विदा किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भक्ति भाव से गणपति महोत्सव पूर्ण हुआ और उसके बाद अगले बरस तू जल्दी आ की कामना के साथ गणपति विसर्जन भी धूमधाम से किया गया। यह गणपति महोत्सव गणेश चौथ से लेकर अनंत चतुर्दशी तक चला। इन दिनों में विधिवत तरीके से प्रथम आराध्य पूज्य भगवान गणेश की भक्ति की गई और उसके बाद आज अनंत चतुर्दशी को भगवान श्रीगणेश का विधिवत तरीके से विसर्जन कर दिया। श्रद्धालुओं ने अपनी सुविधानुसार साधन जुटाकर भगवान गणेश की मूर्तियों को उस में रखकर पहले नगर परिक्रमा की, जिसमें ढोल नगाड़े डीजे की धुनों पर श्रद्धालु नाचते गाते विसर्जन स्थल तक गये। गणपतिजी की शोभायात्रा तुवन मंदिर चैराहा, घंटाघर, शनिचरा चौराहा, आजाद चौक से होते हुए शहजाद नदी से होते हुए पुराना सागर रोड पर शोभायात्रा का भक्तों ने भव्य स्वागत किया। ततपश्चात गोविन्द सागर बांध में विसर्जन किया गया। शोभायात्रा में भगवान के विभिन्न स्वरूपों की मनमोहक झांकियां थीं, ढोल नगाड़ों की थाप पर सुन्दर नृत्य करते भक्तों ने रंग गुलाल की जम कर होली खेलते शोभायात्रा निकलते विसर्जन के लिये पहुँचे। विसर्जन स्थल पर हजारों भक्त मौजूद रहे। वहां पर भगवान श्री गणेश की विधिवत तरीके से पूजा अर्चना आरती की गई और उसके बाद उन्हें कुंड में विसर्जित कर दिया गया। विसर्जन के समय लोगों की जुबान पर एक ही शब्द था कि हे भगवान गणेश अगले बरस तू जल्दी आ।

### पूर्व नपाध्यक्ष सपत्नीक पहुंचे विसर्जन करने

एम्ब्रोसिया कालोनी में रहने वाले नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जायसवाल अपनी पत्नी श्रीमती ऊषा जायसवाल के साथ घर में विराजमान भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा को विजर्सन करने के लिए गोविन्दसागर बांध की तलहटी पहुंचे, जहां उन्होंने पूजन-अर्चन के उपरान्त नम आंखों से गणपति बप्पा को विदाई दी। इस दौरान यह खास बात रही कि वह मुम्बई के प्रसिद्ध मराठी गणवेश में सिर पर टोपी लगाये नजर आये।

### विसर्जन के समय जमकर हुई बारिश

श्रीगणेश विसर्जन के दौरान अपराह्न के समय हल्की बारिश भी हुयी, जिससे श्रद्धालु मौजूद रहे। तेज बारिश को देखकर जहां भक्तजन हर्षित होते नजर आ रहे थे, तो वहीं दूसरी ओर भक्ति का रंग और लोगों पर चढ़ रहा था। डी.जे. और ढोल की थाप पर श्रद्धालु नाचते गाते हुये श्रीगणेश को विसर्जन के लिए गोविन्द सागर बांध तक ले गये, जहां अलग से बनाये गये कुण्ड में श्रीगणेश का विसर्जन किया गया।

### पेयजल योजना व कलस्टरों की विधायक ने की समीक्षा

## जल जीवन मिशन से संबंधित कार्य करने निर्देश दिए

**ललितपुर।** सदर विधायक रामरतन कुशवाहा की अध्यक्षता में विकास खण्ड जखौरा के सभागार में जल जीवन मिशन में सम्मलित तीन नग कलस्टरों की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। जिसमें बांसी, लखनपुरा और दैलवारा कलस्टर में सम्मिलित ग्रामों में पेयजल आपूर्ति, सीसी रेस्टोरेशन पाइपलाइन बिछाये जाने के सम्बन्ध में समीक्षा गयी । बैठक में नोडल अधिकारी दीपक यादव, प्रधान संघ अध्यक्ष अनुपम चौबे, खण्ड एक्सईएन अवनीश सिंह, विद्युत विभाग के एई देवीसिंह राजपूत, जल निगम के एई अरुण कुमार बौद्ध, जेई चन्द्रशेखर, लाल



मोहम्मद एवं कलस्टर बांसी, लखनपुरा तथा दैलवारा के समस्त ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं पंचायत सहायक आदि उपस्थित रहे।

बैठक में विधायक ने जल जीवन मिशन से सम्बन्धित कार्य हेतु निर्देश दिये गये। उक्त कलस्टरों के ग्राम बांसी, लखनपुरा, नदनवारा, बीधामहावत, अंधेर, दैलवारा, अंधियारी, बूचा एवं मनगुवां में पेयजल आपूर्ति एवं विद्युत समस्याओं के सम्बन्ध में ग्राम प्रधान, सचिव, पंचायत सहायक से जानकारी प्राप्त की गयी। ग्राम प्रधानों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्रामों में अधिकांश हिस्से में पेयजल आपूर्ति हो रही है. परन्तु कनेक्शनों में टोंटी न होने के कारण पानी बर्बाद होता है तथा कुछ कनेक्शन घर के बाहर है। ग्रामों के कुछ मजरों में पाइपलाइन डालना एवं रोड रेस्टोरेशन का कार्य अवशेष है, इसके उपरान्त विधायक द्वारा ग्राम छिपाई में स्थलीय निरीक्षण किया गया। ग्राम में राघवेन्द्र, सतेन्द्र, हेमन्त, लोकेन्द्र आदि के घर जाकर पेयजल आपूर्ति की-स्थिति जांची, जिसमें मौके पर पेयजल आपूर्ति होती हुई पायी गयी। ग्राम प्रधान नीलमणि राजा द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में अधिकांश टोंटी टूटी हुई है एवं जिसके स्टैण्ड पोस्ट नहीं लगे हुए थे। ग्राम के तीन गलियों में पानी नहीं जा रहा है, जिस पर सदर विधायक द्वारा जल निगम के एक्सईएन, एई एवं मेसर्स सुधाकरा इन्फाटेक प्रा. लिए के प्रतिनिधि आकाश सिंह गौर को उक्त कमियों को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके उपरान्त विधायक द्वारा ग्राम रायपुर में स्थलीय निरीक्षण किया गया। ग्राम रायपुर के बस स्टैण्ड के पास किये गये संयोजन पर स्टैण्ड पोस्ट लगाने हेतु निर्देशित किया गया। ग्रामीण डा. भोगीराम विश्वकर्मा, सोबरन सिंह यादव, महेश साहू मौजूद थे।

### डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिवस मनाया

## नीट परीक्षा चयनित पूजा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मड़ावरा

शीतल बड़ौनिया इंटर कॉलेज के अध्यक्ष रामरतन तिवारी सेवानिवृत्त अध्यापक, दुष्यंत बड़ौनिया प्रबंधक, दुष्यंत नायक प्रधानाचार्य, रवि खरे द्वारा मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन किया गया। कार्यक्रम में प्रबंधक ने अपने संबोधन में कहा एक शिक्षक किताबी ज्ञान के साथ-साथ जीवन जीने की कला भी सिखाता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद किया साथ ही साथ उनके जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य द्वारा गुरु शिष्य परंपरा पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात समस्त शिक्षकों ने शिक्षक दिवस के बारे में अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में रवि खरे, जितेन्द्र यादव, आलोक बिरथरे, मनीष झा, मनीष रजक, शरद, अभिषेक, रूबी बानो,



आकांक्षा दुबे, शिवानी तोमर, कंचन अगरिया, रूपाली जैन, संध्या झा आदि का विशेष सहयोग रहा। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का आभार ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन विजय शुक्ला ने किया गया।

### सिलावन स्कूल में कार्यक्रम

सिलावन के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में शिक्षकों ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में छात्रों ने निबंध और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्रों ने अपने शिक्षकों को स्वयं बनाए गए।

## नवदुर्गा महोत्सव के लिए समिति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

पितृपक्ष उपरांत आने वाले नवदुर्गा महोत्सव हेतु समिति ने पंडाल एवं मूर्ति स्थापना को भव्य रूप देने के लिए कार्य योजना तैयार की। नवदुर्गा महोत्सव समिति बैंक कॉलोनी में समिति का चुनाव संपन्न हुआ। समिति में अध्यक्ष श्याम सुंदर गोस्वामी, उपाध्यक्ष परमानंद द्विवेदी एवं आकाश चौहान, महामंत्री शुभांशु अवस्थी, मंत्री अलोक स्वामी, कोषाध्यक्ष भागचंद त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी अशोक कुमार स्वर्णकार को सर्वसम्मति से चुना गया। संरक्षक मंडल से ही महिपाल सिंह परमार उदय नारायण त्रिपाठी, उपाध्याय महेश कंचन, विनय श्रीवास्तव, अशोक स्वर्णकार को चुना गया। बताया गया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बैंक कॉलोनी में एक भव्य दुर्गा पंडाल एवं दुर्गा पूजा की आयोजन की तैयारी जोर-जोर से चल रही हैं। इसी संदर्भ में कॉलोनी के नागरिकों ने एक बैठक की और आगामी नवदुर्गा महोत्सव हेतु कार्यक्रम का



क्रियान्वयन सुगमता से एवं शालीनता से हो इसके लिए दायित्व को निर्धारित किया, जिसमें सब ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की एवं कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए विचार मंथन हुआ। अशोक स्वर्णकार ने समिति में दान एकत्र कर उससे सनातन धर्म के अनुयायियों के लिए इस वर्ष भी पूर्व की भांति जुट कर कार्य करने का एवं ईमानदारी से अपने दायित्वों के निर्वाह करने का आवाहन किया। समिति ने चंदा एकत्र कर विशाल और आकर्षण मूर्ति की करे की योजना के साथ ही पंडाल मंच साज सज्जा भोग प्रसादी ध्वनि विस्तारक विद्युत व्यवस्था एवं बैठने हेतु समुचित प्रबंध करने पर चिंतन किया और सनातन धर्म के सभी लोगों की अधिक से अधिक सहभागिता पर जोर दिया।

### अनंतचतुर्दशी पर अभिनंदनोदय तीर्थ में हुआ महामस्तिकाभिषेक

# ब्रहमचर्य में ही पूरे ब्रह्मांड की शक्ति समाहितः निर्भय सागर

**ललितपुर।** आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज ने जीवन में संस्कारों को श्रेयस्कर बताया और कहा ब्रहमचर्य के माध्यम से व्रतों को पालन कर अपने शरीर को मजबूत बनाकर जीवन व्यतीत करे। ब्रह्मचर्य में पूरे ब्रहमाण्ड की शक्ति बताते हुए उन्होंने श्रावकों से कहा इस दिन श्रावक व्रत उपवास रखते हैं उनका मन पवित्र रहता है इसलिए अधिक से अधिक परमार्थ के कार्य और दान आदि देना बाहिए।नगर के अभिनंदनोदय तीर्थ में पर्यूषण पर्व समापन पर धर्मसभा को सम्वोधित करते हुए आचार्य श्री ने समाज की एकता और दिल की एकता को बलशाली बताते हुए कहा समाज की एकता में ही संस्कृति सुरक्षित रहेगी। जैन समाज क्षमाशील है पर्यूषण पर्व पर हमें जीवन में संदेश देते हैं संत सदैव समाज को एकजुटता मिलकर जुलकर रहने की सीख देते हैं। उन्होंने पर्यूषण पर्व को संस्कारों की पाठशाला और जीवन की प्रयोगशाला बताते हुए अपने जीवन को संस्कारों से जोड़ने की प्रेरणा दी।धर्म सभा का शुभारम्म आचार्य श्री विद्यासागर महाराज आचार्य अभिनंदनसागर महाराज आचार्य विपुल सागर महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्वलित कर श्रेष्ठीजनों ने किया। प्रातःकाल अभिनंदनोदय तीर्थ में आचार्य श्री के सानिध्य में श्रावकों को उत्तम ब्रह्मचर्य पर ध्यान की साधना कराई। पूजन अभिषेक के उपरान्त श्रावकों ने भगवान बासुपूज्य का निर्वाण कल्याणक मनाया और व्रत उपवास रखा। धर्नसभा में आचार्य श्री के सानिध्य में तत्वार्थ सूत्र का वाचन पाठशाला की वालिकाओं द्वारा किया। इसके पूर्व कार्यकम में श्रीमति चंदादेवी संदीप सराफ एवं राजेन्द्र डोगरिया ने ध्वजारोहण किया जवकि श्री जी के अभिषेक में सौधर्म इन्द्र राजेन्द्र जैन थनवारा,ईशान इन्द्र सुरेशचंद जैन, सानत इन्द्र सुरेश देलवारा, माहेन्द्र विनोद कुमार उमरिया रहे। प्रभु के उपर छत्र का पुण्यार्जन पदमचंद जैन बानपुर एवं चवर प्रबीन जैन ने किया एवं महाआरती अनिल जैन अंचल परिवार द्वारा की गई। आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन का पुन्यार्जन अभिनंदनोदय तीर्थ प्रबंधक अशोक जैन दैलवारा




परिवार द्वारा किया गया। प्रारम्भ में दिगम्बर जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने आचार्य श्री को श्रीफल अर्पित कर चातुर्मास के दौरान अनिन्दनोदय तीर्थ में प्रवास हेतु आग्रह किया। जैन पंचायत के अध्यक्ष डॉ अक्षय टडया ने धर्मसभा को सम्बोधित करते हुए आचार्य श्री निर्भयसागर महाराज के ससंघ सानिध्य में पर्यूषण पर्व पर नगर में हुई अपूर्वधर्म प्रभावना को सौभाग्य के क्षण बताया।

इस मौके पर प्रमुखरूप से मंदिर प्रबंधक मोदी पंकज जैन, अशोक जैन दैलवारा, मनोज जैन बबीना, अजय जैन गगचारी, आनंद जैन भावनगर, मनीष जैन, विकास जैन सोरई, वीरचंद सराफ, प्रमोद जैन पाय, अभय जैन कैलगुवा, राजेन्द्र जैन सराफ, डीके जैन, पवन जैन, सुबोध जैन मडाबरा, सुनील सराफ, जिनेन्द्र जैन रजपुरा, विमल जैन पाय के अतिरिक्त संयोजक सनत खजुरिया, सतीश नजा, सौरभ जैन सीए, विजय जैन काफी हाउस, मीडिया प्रभारी अक्षय अलया, शीलचंद अनौरा, कुशलचन्द जैन एडवोकेट, मुन्ना लाल जैन सैदपुर,मनोज जैन रंगमहल, विजय जैनन पत्रकार आदि मौजूद रहे । धर्मसभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया। नगर के जैन अटामंदिर, आदिनाथ बड़ा मंदिर,पार्श्वनाथ नया मंदिर आदिनाथ मंदिर गांधीनगर, चन्द्रप्रभु मंदिर डोडाघाट, शान्तिनगर मंदिर गांधीनगर इलाईट जैन मंदिर, सिविल लाइन, वाहुवलिनगर श्री जी का अभिषेक हुआ जिसमें श्रद्धालुजनों ने पहुंचकर पुष्पांजन किया। पर्यूषण पर्व पर नगर के जैन मंदिरों में वालक बालिका मण्डल द्वारा आकर्षक झांकी लगाई जो आकर्षण का केन्द्र रही श्रद्धालु झांकियां देखकर वच्चों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। सायकाल अभिनंदनोदय तीर्थ में आचार्य श्री के सानिध्य में शंका समाधान के दौरान श्रावकों द्वारा रखी गई जिज्ञासाओं का समाधान किया गया इस दौरान श्रद्धालुओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। सायंकाल पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अटामंदिर में ब्रहमचारिणी लवली दीदी के संयोजन में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई जिसमें विजेता प्रतिभागियों को देवेन्द्र जैन जिनेन्द्र जैन डिस्को परिवार द्वारा तीर्थराज सिद्धक्षेत्र श्री सम्मेद शिखर जी, सोनागिर जी एवं थूबोन जी यात्रा के कूपन प्रदान किए। इसके अतिरिक्त पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन नया मंदिर में पाठशाला परिवार द्वारा कितने भाई कितने प्रभु ने बताए जितने की रोचक प्रस्तुति दी गई विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत किए गए इसके अतिरिक्त प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन आदिनाथ मंदिर गाँधीनगर, एम्ब्रोशिया कालौनी में किया गया।

### गोताखोर और क्रेन की मदद से गाड़ी निकाली, राज्यमंत्री पहुंचे घटना स्थल

# कार समेत कालीसिंध नदी में गिरा जनपद सदस्य का बेटा, तलाश जारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

भाजपा नेता और सारंगपुर जनपद सदस्य ट्रांसपोर्टर का बेटा कार समेत कालीसिंध नदी में गिर गया। गोताखोरों और क्रेन की मदद से गाड़ी को तो निकाल लिया गया है, लेकिन युवक की तलाश की जा रही है। हादसा शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे सारंगपुर पुराने एबी रोड कालीसिंध नदी के पुल पर हुआ। पुलिस ने कार नंबर एमपी - 04-कैसी- 3378 से पता करवाया। पता चला कि कार संडावता निवासी जनपद पंचायत सदस्य महेश सोनी की है।

परिजनों के मुताबिक महेश सोनी का 26 वर्षीय बेटा विशाल सोनी सुबह घर से सारंगपुर के समीप किसी ढाबे पर पैसे लेने निकला था। महेश पेशे से ट्रांसपोर्टर हैं। इसी सिलसिले में विशाल सारंगपुर के पास किसी ढाबे पर गाड़ी में रुपए लेने जा रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। टीआई आकांशा हाड़ा ने बताया की पुलिस टीम नदी में युवक को तलाश कर रही है। वहीं सूचना मिलते ही राज्यमंत्री गौतम टेटवाल भी मौके पर पहुंचे और जनपद सदस्य महेश सोनी को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।

#### गोताखोरों और क्रेन की मदद से कार निकाली

सूचना मिलते ही एसडीओपी अरविंद्र सिंह,थाना प्रभारी आकांशा हाड़ा, एसआई अमित त्यागी,एएसआई आनंदीलाल भिलाला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय गोताखोरों की मदद से कार को किनारे तक लाया गया। फिर क्रेन की सहायता से कार को नदी से बाहर निकाला गया। आधे घंटे में कार को बाहर निकाल लिया। कार में मिले दस्तावेजों के आधार पर थाना प्रभारी ने फोन कर महेश सोनी संडावता को सूचना दी।

#### 4 घंटे बाद भी नहीं मिला युवक का कोई सुराग

सूचना मिलते ही पुलिस व गोताखोरों की टीम कालीसिंध नहीं पहुंची जहां पर 26 वर्षीय विशाल की तलाश करना शुरू किया शुरूआत में बारिश की बजह से नदी के पानी का स्तर बढा हुआ होने के कारण परेशानियों का समना करना पड़ रहा है। खबर लिखे जाने तक यंवक का काई पता नहीं चला था राम में भी तलाश जारी रखने की बात प्रशासन कह रहा है।

### पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं ये शिक्षक

# शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने उपवास रखकर प्रकट किया अपना विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

दो एनपीएस, नो यूपीएस की मांग पर अड़े रहकर पुरानी पेंशन योजना की बहाली के लिए संघर्ष कर रहे नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रकट किया। इस दौरान सभी शिक्षकों ने उपवास रखते हुए शासन की उपेक्षा के प्रति अपना रोष जाहिर किया।

संगठन के प्रांतीय आह्वान पर स्थानीय मंगल भवन में संगठन जिलाध्यक्ष रामबाबू भिलाला सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जाहिर किया। इस दौरान आजाद अध्यापक संघ जिलाध्यक्ष रमेश मालवीय, कार्यकारी जिलाध्यक्ष दौलत वर्मा, महेश वर्मा अक्षर, एनएमओपीएस जिलाध्यक्ष कमलेश साहू सहित अन्य संगठनों ने अपना समर्थन देकर शासन, प्रशासन से पुरानी पेंशन योजना पुनः आरंभ करवाने की मांग रखी। नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम जिलाध्यक्ष भिलाला ने बताया कि हमारी प्रमुख मांग है कि पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया जाए क्योंकि वो शिक्षकों के बुढ़ापे का सहारा है।

#### सेवानिवृत्त साथियों को न के बराबर मिल रही पेंशन

संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में जो हमारे शिक्षक साथी सेवानिवृतत हो रहे रहे हैं उन्हें डेढ़ हजार से ढाई हजार पेंशन दी जा रही है जो देश में दिनों दिन बढ़ रही महंगाई के हिसाब से न के बराबर है। इतनी राशि में किसी के परिवार का गुजारा नहीं हो सकता। ऐसे में हम प्रदेश के लाखों शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए अपनी प्रमुख मांग पर अड़े हुए हैं।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने घटना पर रोष जताया

# फिर दिखा जुलूस में फिलिस्तीन प्रेम ब्यावरा सदर बोले - हम सिर्फ भारतीय



#### पुलिस ने हटवाए स्टीकर, दी समझाइश- जुलूस का माहौल न बिगाड़े

**ब्यावरा।** धार्मिक पर्व ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर शहर में मुस्लिम समाज द्वारा निकाले जा रहे जुलूस के दौरान युवाओं के सीने पर फिलिस्तीन सेव करने के स्टीकर दिखाई दिए जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए वह स्टीकर निकाले और युवाओं से इससे दूरी बनाने की हिदायत दी। वहीं मुस्लिम समाज के लोगों ने भी इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए स्टीकर बांटने वालों की पहचान कर सख्त कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस का सहयोग करने की बात कही। उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीन प्रेम को लेकर पूर्व में भी राजगढ़ के एक जुलूस के दौरान में फिलिस्तीन झंडे लहराने की बात सामने आई थी तब भी यह चर्चा का विषय रहा और आज फिर इस तरह की घटना की पुर्नरावृत्ति होना कहीं न कहीं मामले की संवेदनशीलता को बढाती है इसकी जांच होने के बाद ही मामले की सच्चाई सामने आ पाएगी। फिलहाल पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर कार्रवाई करने की बात कहीं है ।

#### इनका कहना है...

इस तरह की घटना जिन शरारती तत्वों ने की है कानून उन पर अपना काम करेगा। हमारा उनसे कोई नाता नहीं, हमें भारतीय होने पर गर्व है।

**इकबाल हुसैन,** सदर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन ब्यावरा

# खाद और बिजली की समस्य को लेकर धतुरिया चौराहे पर किसानों का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार को किसानों ने सागर रोड धतुरिया चौराह पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए किसान नेता और मप्र कांग्रेस कमेटी के सचिव आनंद प्रताप सिंह ने कहा कि विदिशा का किसान खाद, बीज, बिजली, पानी, बीमा सर्वे जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। धतुरिया के पूर्व सरपंच सुंदर सिंह दांगी ने कहा कि वर्तमान में किसान खाद बिजली की समस्या से जूझ रहा है और प्रशासन शासन मौन होकर देख रहा है।

अहमदपुर के पूर्व सरपंच उमराव सिंह कुशवाह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने किसानों के साथ हमेशा अन्याय किया है। सिर्फ ढोलखेड़ी का विकास हुआ है और कहीं नहीं। प्रदर्शन को अन्य किसान रामसेवक मीणा, नरेंद्र सिंह दांगी, बाबूलाल लोधी, लखन सिंह मीणा, संतोष रघुवंशी, राजकुमार पासी, अरुण अवस्थी ने संबोधित करते हुए सरकार की नीतियों और कार्य प्रणाली को किसान विरोधी बताया। किसानों द्वारा धतुरिया चौराह सागर रोड पर विरोध प्रदर्शन करने पर तहसीलदार और सिविल लाइन टीआई मौके पर पहुंचे और किसानों से पांच सूत्री मांग लेकर प्रदर्शन को खत्म कराया। इस दौरान पोप सिंह दांगी, चैन सिंह दांगी, सरदार सिंह राजपूत, रामबाबू दांगी, बृजेंद्र दांगी आदि मौजूद रहे।

### लेबोरेट्री में जांच के लिए भेजे गए नमूने

# बगैर लायसेंस संचालित हो रहे दुग्ध केंद्र से लिए दूध के सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में नकली दूध का काला कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। राजगढ़ के करेड़ी, खुजनेर क्षेत्र में पूर्व में मिलावटी सामग्री, कैमिकल, पॉमोलिव ऑईल मिलाकर दूध बनाकर बेचने के कई मामले सामने आ चुके हैं। आमजन की सेहत से सीधे-सीधे खिलवाड़ के इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए खाद्य एवं औषधी प्रशासन विभाग द्वारा लगातार जिले में कार्यवाही की जा रही है।

इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र खत्री के नेतृत्व में गुरुवार को मलावर क्षेत्र स्थित दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित, खानपुरा पहुंचकर निरीक्षण की कार्यवाही की गई। नायब तहसीलदार विनय एवं पुलिस बल की मौजूदगी में हुए इस निरीक्षण के दौरान उक्त समिति के पास दुग्ध व्यापार करने संबंधी किसी तरह का कोई लायसेंस नहीं मिला। इसके साथ ही मौके पर 2 हजार लीटर क्षमता का बीएमसी टैंक लगा पाया गया। टीम द्वारा मौके से दूध के सैंपल लेकर उन्हें भोपाल



लेबोरेट्री में जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी खत्री ने बताया कि सैंपल रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# धर्म हमें सिखाता एकजुटता से रहना परिवार में : पं. मुरलीधर व्यास



**छापीहेड़ा।** समीपवर्ती ग्राम स सिकंदरी श्री राम मंदिर प्रांगण में हो रही सप्त दिवस श्रीमद् भागवत के दूसरे दिन कथा में धर्म और सत्संग की महत्व पर प्रकाश डाला। कथा वाचक पंडित मुरलीधर व्यास ने कहा की भगवान आशुतोष शिव जी के परिवार को देखकर संसारी मनुष्य को ज्ञान लेना चाहिए कि हम परिवार में एक जुट होकर रहे भगवान शिव बेल पर बैठते हैं माता पार्वती शेर की सवारी करती और शिव के बड़े पुत्र स्वामी कार्तिकेय मोर पर बैठते हैं। शंकर जी के गले में सर्प का हार पहनते हैं पर दोनों एक साथ रहते हैं भगवान शिव जी का दुनिया को संदेश है की एक जुट होकर रहना चाहिए। पंडित मुरलीधर व्यास ने ग्राम सिकंदरी में श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा दूसरे दिवस भगवान शिव जी के विवाह की कथा में जनमानस को श्रवण कराई ग्राम समिति के सदस्यों ने बताया पटेल साहब लक्ष्मी नारायण पटेल भारत सिंह सिद्धनाथ बडाघर वाले और कार्यकर्ता राधेश्याम नागर पूर्व सरपंच बंसीलाल नागर देव सिंह पंडा समिति सदस्यों ने बताया की कथा का समापन 9 सितंबर को होगा जिसमें पूर्णाहुति के बाद प्रसादी का वितरण किया जाएगा जिसमें समस्त ग्रामवासी सत्संग का आनंद ले रहे हैं।

# शिक्षक दिवस पर किया गुरुजनों का सम्मान



**खिलचीपुर।** प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हेतु देवनारायण लोक कल्याण शिक्षा समिति एनजीओ द्वारा संचालित सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय परिवार ने शुक्रवार को प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। हमारे जीवन को उच्चतम शिखर तक पहुँचाने के लिए सदैव प्रयत्नशील रहने वाले शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। शिक्षक वह है जो हमें जीवन में उपयोग में आने वाली व्यवहारिक चीजों की शिक्षा देता है। सबसे बड़े और प्रथम शिक्षक तो माँ-बाप होते हैं। सिखाने के बदले में शिक्षक कोई आर्थिक लाभ नहीं देखता, सिर्फ सम्मान की अपेक्षा रखता है। शिक्षक न केवल हमें पढ़ाते हैं, बल्कि जीवन के मूल्यों, अनुशासन और सपनों को साकार करने की प्रेरणा भी देते हैं। वे हमारे भविष्य के शिल्पकार हैं, जो अथक परिश्रम से समाज को बेहतर बनाते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया जाने वाला यह दिन हमें उनके आदर्शों और शिक्षा के प्रति समर्पण को याद दिलाता है। आइए, इस शिक्षक दिवस पर अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें और योगदान को सम्मान दें। आज इस कड़ी मे ब्राह्मण समाज के गौरव शिक्षाविद अनिल कुमार द्विवेदी विप्र श्रेष्ठ शिक्षाविद गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज के नगर अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सामाजिक गुरु, सेवा रत्न, समाज भूषण, समाज शिरोमणि, गौतम रत्न की उपाधि से सम्मानित सामजिक क्षेत्र में कुशल अनुभव समाज को दिशा प्रदान करने वाले अखिल भारतीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा के जन्मदिवस पर विद्यालय परिवार सरस्वती ज्ञान मंदिर के संस्था संचालक देवेन्द्र कुमार शर्मा एवं शोभा शर्मा विद्यालय प्राचार्य कुमारी दिव्यांशी शर्मा विद्यालय के समस्त स्टाफ ने उनके घर जाकर सम्मान किया।

# शिक्षक सम्मान समारोह किया आयोजित




**माचलपुर।** नगर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर ने की कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मोहन नागर उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद भोपाल थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन ओर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया, इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षको का सम्मान शाल श्रीफल भेट कर विद्यालय समिति द्वारा किया गया। स्वागत संबोधन समिति के अध्यक्ष रामगोपाल खंडेलवाल ने दिया इस अवसर विधायक दांगी ने जीवन में शिक्षकों का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षक का बड़ा महत्व है,हमारे जीवन को सही दिशा देने का कार्य शिक्षक करते है उन्होंने विद्यालय के लिए अपनी निधि से 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद मोहन नागर राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त ने डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि आज हमारे गुरू के प्रति श्रद्धा प्रकट करने का पर्व व्यास पूर्णिमा है पर आधुनिक रूप से सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते है शासकीय रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते है और इन शिक्षकों का सम्मान किया जाता है। अतिथियों द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक शिक्षिकाओ का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में आमंत्रित सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय की शिक्षिकाओं और प्राचार्य लक्ष्मीनारायण पंवार द्वारा किया गया ।कार्यक्रम में विशेष रूप से मनीष अग्रवाल,रामगोपाल गुप्ता,रमेशचंद्र बंसल, गिरिराज मोदी, मोहन सिंह पंवार दीपक दुबे विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आभार व्यक्त प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह उमठ ने व्यक्त किया।

### वाटर लेवल मेंटेन करने खोले गए डैम के गेट

# कुंडालिया बांध के 8 तो मोहनपुरा डैम के 4 गेट खोले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



क्षेत्र में बारिश का दौर अनवरत रूप से जारी है। कभी-कभी रुक-रुककर तो कभी मूसलाधार रूप से हो रही बारिश के चलते क्षेत्र के समस्त तालाब, बांध सहित अन्य जलस्त्रोत पूरी तरह लबालब हो चुके हैं। ऐसे में बांधों का वाटर लेवल मेन्टेन करने शुक्रवार को बांध प्रबंधन ईकाई द्वारा कुंडालिया बांध के 8 एवं मोहनपुरा बांध के 4 गेट खोल दिए गए।

उल्लेखनीय है इस वर्ष अभी तक क्षेत्र में औसत से भी कहीं अधिक बारिश रिकार्ड की जा चुकी है। जिले की कुल औसत वर्षा 1100 मिमी के मुकाबले अभी तक 1302 मिमी बारिश दर्ज की जा चुकी है जबकि गत वर्ष इसी अवधि तक सिर्फ 981 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई थी।

#### जिले में ब्लॉकवार अब तक हुई बारिश

(बारिश के आंकड़े मिलीमीटर में)

| वर्षामापी केंद्र | दर्ज बारिश |
|---|---|
| जीरापुर | 1265.0 |
| खिलचीपुर | 1321.0 |
| राजगढ़ | 1243.0 |
| ब्यावरा | 2031.9 |
| नरसिंहगढ़ | 1351.3 |
| सारंगपुर | 872.4 |
| पचोर | 978.2 |

#### सर्वाधिक बारिश ब्यावरा में रिकार्ड

भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक सर्वाधिक 2031 मिलीमीटर बारिश ब्यावरा तो सबसे कम 872 मिमी बारिश सारंगपुर क्षेत्र में दर्ज की गई। मौसम के जानकारों के अनुसार जिले में वर्षा का दौर अभी अनवरत रूप से जारी रहेगा।



#### धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए : नागर

**ब्यावरा।** नगर के कृषि उपज मंडी स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का आज सुदामा प्रसंग के साथ विश्राम हुआ। भागवत वक्ता पंडित सतीश नागर ने सुदामा चरित्र सुनाया, जिसमे उन्होंने कहा कि सुख से ज्यादा जो दुख में काम आये वो सच्चा सखा और मित्र होता हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाये और व्यक्ति को नशे से दूर रहना चाहिए। महाराजश्री ने कहा कि देश और धर्म के लिए हर व्यक्ति को हमेशा तत्पर रहना चाहिए, क्योंकि देश और धर्म सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। कथा के समापन पर मंत्री नारायण सिंह पंवार, अमित शर्मा, मनोज अग्रवाल, राज बनकट राजू, हरिशंकर शर्मा, राजाराम शर्मा, मुकेश गुप्ता, गिरीश गुप्ता आदि शामिल हुए।

# खग्रास चंद्रग्रहण पर आज दोपहर से बंद रहेगा जालपा माता मंदिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

खग्रास चंद्रग्रहण के चलते नगर के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ जालपा माता मंदिर रविवार दोपहर 1 बजे से श्रृद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद रहेगा। जालपा माता मंदिर के मुख्य आचार्य पंडित धमेंद्र शास्त्री ने बताया कि रविवार 7 सितंबर को दोपकर 1 बजे से मंदिर बंद रहेगा एवं सोमवार 8 सितंबर को प्रातःकाल आरती के पश्चात माता के दर्शन होंगे। उल्लेखनीय है कि जालपा माता मंदिर पर प्रतिदिन सैकड़ों श्रृद्धालु अपनी मनोकामना लेकर मां के दरबार में आते हैं और दर्शन प्राप्त कर अपनी अर्जी लगाते हैं। आचार्य शास्त्री ने बताया कि चंद्रग्रहण का सूतककाल 7 सितंबर को दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगा तथा स्पर्श रात्रि 9 बजकर 49 मिनट पर एवं मोक्ष रात्रि 1 बजकर 20 मिनट पर होगा। यह चंद्रग्रहण संपूर्ण भारतवर्ष में दिखाई देगा। शास्त्री ने बताया कि ग्रहण के वैध समय से लेकर मोक्ष पर्यंत समय तक रोगी, वृद्ध, आतुर एवं बालकों को छोड़कर अन्य किसी को अन्न-जल आदि गृहण नहीं करना चाहिए। विशेषकर ग्रहण के स्पर्श समय से मोक्ष समय के बीच में तो अनिवार्यतः इस नियम पालन करना ही चाहिए। वहीं, भोजन आदि वस्तुओं पर कुशा (डाब) रखनी चाहिए। इसके साथ ही ग्रहणकाल में साधकों, श्रृद्धालुओं को जप, तप, दान, भजन-कीर्तन एवं यथाचित साधना करना श्रेयकर रहेगा।

#### वेयरहाउस में चोरी की कोशिश, वाहन जब्त

**विदिशा।** आनंदपुर में गोवर्धन वेयरहाउस से चोरों ने मसूर की बोरियां चुराने का प्रयास किया। चार चोर पिकअप वाहन से वेयरहाउस तक पहुंचे। वाहन को सड़क किनारे खड़ा कर पैदल वेयरहाउस में घुसे। चोरों ने वेयरहाउस का ताला तोड़कर 56 बोरी मसूर बाहर निकाली। वे इन्हें खेत में फेंककर ले जाने की योजना बना रहे थे। इसी दौरान गश्त कर रही पुलिस की नजर सड़क पर खड़े संदिग्ध पिकअप वाहन पर पड़ी। पुलिस को वेयरहाउस के पास चार संदिग्ध दिखे और खेतों में मसूर की बोरियां बिखरी मिलीं। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन चोर मसूर की बोरियां छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने पिकअप वाहन और मसूर की बोरियां जब्त कर लीं हैं। मसूर की कीमत लगभग 2 लाख रुपए है।